सतना | शनिवार | 15 नवंबर 2025 | वर्ष 27 | अंक 073 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

1934 से


5 राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह


6 महंगाई घटी, रोजगार भी बढ़ने चाहिए


7 कैंसर दवा को यूएसएफडीए की मंजूरी


8 भारत की तीरंदाजी में धमाकेदार सफलता

# एनडीए की सुनामी से महागठबंधन धराशायी

## बिहार चुनाव

**89** सीटों पर भाजपा का परचम | **85** सीटों पर जेडीयू के प्रत्याशी जीते | **19** एलजीपी ने जमाया कब्जा | **09** सीटों पर हम और आरएलएम की

**नई दिल्ली/पटना, 14 नवंबर. बिहार चुनाव में एनडीए ने 15 साल बाद फिर बड़ी जीत हासिल की है. इस जीत के बाद पूरे देश में बीजेपी ने जश्न मनाया. गठबंधन को 243 में 202 सीटों पर जीत हासिल हुई, जो रिकॉर्ड है. महागठबंधन के खाते सिर्फ 35 सीटें ही आई. भाजपा ने 89 सीटों पर जीत हासिल की है. जेडीयू 85, एलजीपी 19, हम और आरएलएम की मिलाकर 9 सीटों पर जीती. इसके अलावा जनसुराज पार्टी को एक भी जीत पर जीत हासिल नहीं हुई.**

दिल्ली के भाजपा मुख्यालय में पीएम मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. इसके पहले बीजेपी अध्यक्ष, अमित शाह और राजनाथ सिंह ने पीएम का माला पहनाकर अभिवादन किया. सबसे हाई-प्रोफाइल सीटों में से एक मोकामा से जेडीयू उम्मीदवार अनंत कुमार सिंह ने जीत दर्ज की है. वहीं सबसे बड़ी जीत संजय कुमार सिंह की हुई है. सिंह को 87641 वोट मिले हैं. बिहार चुनाव के अब तक आए नतीजों को देखें तो बीजेपी को लगभग 21 प्रतिशत, जेडीयू को लगभग 19 प्रतिशत, एलजेपी को 5 प्रतिशत और अन्य सहयोगियों को लगभग 7 फीसदी वोट मिला.



### बिहार में तुष्टिकरण के लिए जगह नहीं है : पीएम मोदी

दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यकर्ताओं का गमछा लहराकर अभिवादन किया. पीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ये प्रचंड जीत अटूट विश्वास की है. बिहार के लोगों ने गर्दा उड़ा दिया. हम एनडीए के लोग जनता जनार्दन के सेवक हैं.

उन्होंने कहा कि बिहार में जंगलराज की वापसी नहीं होगी. बिहार में तुष्टिकरण के लिए जगह नहीं है. बिहार की जीत ने हमारे कंधों पर जिम्मेदारी दी. हम यहां बड़े उद्योग लगाएंगे. राज्य के पर्यटन एवं तीर्थ स्थानों का कायाकल्प होगा. इस मौके पर देश और दुनिया को उद्योगपतियों से पीएम मोदी ने अपील की कि वे यहां आकर उद्योग लगाएं. यही नहीं, इस दौरान पीएम ने विपक्षी महागठबंधन के दोनों प्रमुख दलों कांग्रेस और आरजेडी को जमकर निशाना साधा. प्रधानमंत्री ने बिहार की जीत के बाद बड़ा दावा करते हुए कहा कि हो सकता है कांग्रेस का एक और विभाजन हो जाए। कांग्रेस के पास देश के लिए कोई पॉजिटिव विजन नहीं है। सच्चाई यह है कि आज कांग्रेस 'मुस्लिम-लीगी माओवादी कांग्रेस', यानी एमएमसी बन गई है।

### एनडीए की संकल्प सेवा पर जनता की मुहर : शाह

बिहार की जीत पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बिहारवासियों द्वारा एनडीए को यह प्रचंड जनादेश, बिहार में विकास, महिलाओं की सुरक्षा, सुशासन और गरीब कल्याण की एनडीए की संकल्प सेवा पर जनता की मुहर है. पिछले 11 सालों में पीएम मोदी ने बिहार के लिए दिल खोलकर कार्य किए और नीतीश जी ने बिहार को जंगलराज के अंधेरे से बाहर निकालने का काम किया. यह जनादेश 'विकसित बिहार' के संकल्प के लिए है.

| पार्टी | आगे | जीते | कुल |
|---|---|---|---|
| एनडीए | 37 | 165 | 202 (+77) |
| महागठबंधन | 11 | 24 | 35 (-75) |
| जनसुराज | 0 | 0 | 0 (0) |
| अन्य | 1 | 5 | 6(-2) |

### नीतीश ने प्रचंड जीत के लिये बिहार के जनता को किया धन्यवाद



**पटना, 14 नवंबर.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिली प्रचंड जीत के लिये प्रदेश के लोगों को धन्यवाद दिया है। श्री कुमार ने एक्स पर लिखा, बिहार विधान सभा चुनाव-2025 में राज्यवासियों ने हमें भारी बहुमत देकर हमारी सरकार के प्रति विश्वास जताया है।

## हॉट सीट पर हार-जीत के फैसले

### जीते

#### 38,586 वोटों से जीते महेश्वर हजारी



कल्याणपुर विधानसभा सीट से जेडीयू के महेश्वर हजारी ने जीत दर्ज की है. हजारी ने 38,586 वोटों के बड़े अंतर से सीपीआई (एमएल) के रंजीत कुमार राम को मात दी है. महेश्वर हजारी को कुल 1,18,162 वोट मिले हैं. कल्याणपुर विधानसभा सीट पर 73.68 प्रतिशत वोटिंग हुई थी.

#### 14,532 वोटों से जीते तेजस्वी



राघोपुर सीट से तेजस्वी यादव ने 14,532 वोटों से जीत दर्ज की है, उनके सामने बीजेपी के सतीश कुमार थे. तेजस्वी यादव इस सीट से दो बार विधायक रह चुके हैं. तेजस्वी यादव को एक लाख 18 हजार 597 वोट मिले. वहीं सतीश कुमार को एक लाख चार हजार 65 वोट मिले.

#### 25 वर्षीय मैथिली ठाकुर बनीं विधायक



लोक गायिका से राजनेता बनी 25 वर्षीय मैथिली ठाकुर अब अलीनगर निर्वाचन क्षेत्र से राजद के दिग्गज विनोद मिश्रा को 11730 वोटों से हराकर बिहार विधानसभा के लिए निर्वाचित होने वाली सबसे कम उम्र की नेता बन गईं. अलीनगर में 25वें और अंतिम राउंड की गिनती में मैथिली ठाकुर 84915 वोट पाकर विजयी रहीं.

### हारे

#### 51 हजार वोट से हारे तेज प्रताप यादव



महुआ सीट से तेज प्रताप यादव को चिराग पासवान की पार्टी के संजय कुमार सिंह ने 51,938 वोटों के बड़े अंतर से हरा दिया है। संजय कुमार सिंह को 87,641 वोट मिले, जबकि तेज प्रताप यादव को 35,703 वोट मिले। आरजेडी के मुकेश कुमार रोशन 42,644 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

#### 8 हजार वोटों से हारे खेसारी लाल यादव



छपरा विधानसभा सीट से आरजेडी प्रत्याशी और भोजपुरी सिंगर खेसारी लाल यादव चुनाव हार गए हैं. उन्हें बीजेपी की उम्मीदवार छोटी कुमारी ने लगभग 8 हजार वोटों से हराया. खेसारी लाल यादव और छोटी कुमारी के बीच कड़ा मुकाबला था.

#### वीणा देवी को मिली हार



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की सबसे हाई-प्रोफाइल सीटों में से एक मोकामा से जेडीयू उम्मीदवार अनंत कुमार सिंह ने बड़ी जीत दर्ज की है. उन्होंने आरजेडी प्रत्याशी वीना देवी को बड़े वोटों के अंतर से हराया है. गौर करने वाली बात यह है कि अनंत सिंह शुरू से ही बढ़त बनाए हुए थे और अंत तक यह बढ़त मजबूत होती चली गई.

## बीबीसी ने ट्रंप की संपादित वीडियो को प्रसारित करने के लिए मांगी माफी

**लंदन, 14 नवंबर (वार्ता) ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अपने पैनोरमा कार्यक्रम के उस एपिसोड के लिए माफी मांगी है, जिसमें उनके 6 जनवरी 2021 के भाषण के संपादित कुछ हिस्सों इस प्रकार जोड़ा गया था कि वह सीधे हिंसक कार्रवाई का आह्वान करते दिखाई पड़ रहे थे.**

बीबीसी ने कहा कि इस संपादन से यह गलत धारणा बनी है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने सीधे तौर पर हिंसक कार्रवाई का आह्वान किया है. संस्थान ने इस पर माफी मांगते हुए कहा कि 2024 का यह कार्यक्रम दोबारा नहीं दिखाया जाएगा. उल्लेखनीय है कि ट्रंप के वकीलों ने धमकी दी है कि अगर बीबीसी ने अपना बयान वापस नहीं लिया, माफी नहीं मांगी और उन्हें मुआवजा नहीं दिया, तो वे बीबीसी पर 1 अरब डॉलर (75.9 करोड़ पाउंड) का मुतदमा करेंगे. इस प्रकरण के परिणामस्वरूप रविवार को बीबीसी के महानिदेशक टिम डेवी और समाचार प्रमुख डेबोरा टर्नेस ने इस्तीफा दे दिया था.

## दो सीटों पर बीजेपी और एक-एक पर कांग्रेस जीती

- आठ सीटों पर विधानसभा उपचुनाव
- तरनतारन सीट से आम आदमी पार्टी के हरमीत सिंह संधू जीते

**नई दिल्ली, 14 नवंबर. बिहार चुनाव के साथ छह राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की आठ सीटों पर हुए विधानसभा उपचुनाव के नतीजे घोषित हो चुके हैं. सात राज्यों की आठ सीटों पर हुए उपचुनाव में दो सीटों- नुआपाड़ा (ओडिशा), नगरोटा (जम्मू-कश्मीर) पर बीजेपी ने जीत दर्ज की है.**



दूसरी ओर जुबली हिल्स (तेलंगाना) और अंता (राजस्थान) विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है, जबकि झारखंड की घाटशिला सीट पर सत्तारूढ़ जेएमएम प्रत्याशी सोमेश सोरेन विजयी हुए हैं. झारखंड की घाटशिला सीट पर हुए उपचुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के उम्मीदवार सोमेश चंद्र सोरेन ने जीत दर्ज कर ली है. उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को 38601 मतों के अंतर से हरा दिया है. तरनतारन सीट से आम आदमी पार्टी के हरमीत सिंह संधू 42649 वोट पाकर विजयी रहे. हरमीत ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी शिरोमणि अकाली दल की सुखविंदर कौर को 12091 वोट से हरा दिया. राजस्थान की अंता सीट से कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया विजयी रहे. ओडिशा की नुआपाड़ा विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी जय ढोलकिया ने कांग्रेस उम्मीदवार को 83748 वोटों के अंतर से हरा दिया है.



## अश्लील वीडियो बनाकर 10 लाख की ठगी करने वाले आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 14 नवंबर. पुलिस अधीक्षक पन्ना निवेदिता नायडू द्वारा जिले में पंजीबद्ध विभिन्न गंभीर अपराधों के फरार आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए विशेष निर्देश दिए हैं।**

इसी तारतम्य मे थाना गुनौर में पंजीबद्ध अपराध क्रमांक 14/23, जिसमें आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती कर फरियादी का अश्लील वीडियो बनाकर फरियादी से 10 लाख 80 हजार रुपये की ठगी की गई थी। उक्त मामले में पूर्व में 02 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि 03 आरोपी फरार चल रहे थे।

गुनौर थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को जानकारी मिली कि मामले का एक फरार आरोपी साजिद खान वर्तमान में पहाड़ी, जिला भरतपुर (राजस्थान) में रह रहा है।

गुनौर थाना पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम राजस्थान रवाना हुई जहां दबिश देकर आरोपी साजिद खान को भरतपुर (राजस्थान) से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को विधिक कार्रवाई उपरांत न्यायालय पेश किया गया। उक्त प्रकरण मे फरार 02 अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## सेना ने 16000 फीट की ऊंचाई पर चलाई मोनो रेल

**नई दिल्ली, 14 नवंबर.** भारतीय सेना की गजराज कॉर्प्स ने अरुणाचल प्रदेश के दुर्गम पहाड़ी इलाकों में सैनिकों को आवश्यक सामान पहुंचाने के लिए एक इन-हाउस हाई एल्टीट्यूड मोनो रेल सिस्टम विकसित किया है. यह सिस्टम 16 हजार फीट की ऊंचाई पर भी काम कर सकता है, जिससे सैनिकों का समय, मेहनत और जोखिम कम होगा. भारतीय सेना की गजराज कॉर्प्स ने एक इन-हाउस हाई एल्टीट्यूड मोनो रेल सिस्टम तैयार किया है.

## डॉ. उमर नबी के घर को प्रशासन ने किया ध्वस्त

- लाल किला विस्फोट के मामले में कार्रवाई
- तोड़फोड़ से पहले निवासियों को खाली कराया

**श्रीनगर, 14 नवंबर (वार्ता) लाल किला विस्फोट मामले के आरोपी डॉ. उमर नबी के दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में स्थित घर को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया है.**

अधिकारियों ने बताया कि नियंत्रित विस्फोट के जरिए इस इमारत को ध्वस्त किया गया. स्थानीय लोगों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इलाके को सील कर दिया था और तोड़फोड़ से पहले निवासियों को घर खाली करने को कहा गया था. जांचकर्ताओं ने खुलासा किया है कि डॉ. उमर ने ही सोमवार शाम लाल किले के पास हुए विस्फोट वाली कार पार्क की थी, जिसमें ब्लास्ट से कई लोगों की जान चली गई थी. जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस तोड़फोड़ पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन शीर्ष अधिकारियों ने कहा है कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को आतंकवादी समूहों में शामिल होने से हतोत्साहित करना है. उनके अनुसार इस कदम का उद्देश्य यह कड़ा संदेश देना है कि आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के गंभीर परिणाम होते हैं. इसमें किसी को बख्शा नहीं जाएगा.



## बोइंग के 3,000 कर्मचारियों ने खत्म की हड़ताल

**मॉस्को, 14 नवंबर.** रूस में इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ मशीनिस्ट्स एंड एयरोस्पेस वर्कर्स ने बताया कि 3,000 से अधिक बोइंग कर्मचारियों ने कंपनी के साथ एक नए अनुबंध को मंजूरी देने के लिए मतदान किया है, जिससे तीन महीने से अधिक समय से चल रही हड़ताल खत्म हो गई है। संगठन ने अपने बयान में कहा, सेंट लुइस क्षेत्र में बोइंग के डिस्ट्रिक्ट 837 के आईएएम यूनियन के लगभग 3,200 सदस्यों ने बोइंग के साथ एक नए अनुबंध को मंजूरी देने के लिए मतदान किया है.

**त्वरित टिप्पणी** | डबल इंजन की सरकार को मतदाताओं ने दिया विकास का पंख

## बिहार का जनादेश नई इबारत लिखने को तैयार

**प्रवेश कुमार मिश्र**

**नई दिल्ली, 14 नवम्बर.** बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ राजग की जीत और इंडिया समूह की करारी हार बिहार की राजनीति में नई इबारत लिखने को तैयार है. जीत और हार के कारण और कारक दोनों पक्षों की आंतरिक रणनीति का हिस्सा है लेकिन बावजूद इसके मतदाताओं ने जिस तरह का जनादेश दिया है उससे साफ है कि भविष्य में कोई भी दल घोषित गठबंधन के साथी को छोड़कर दूसरे दल या समूह के साथ गठजोड़ कर सरकार को उलट पलट करने का प्रयास नहीं करेगा.

राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि बिहार के मतदाताओं ने कांग्रेस व राजद नेताओं द्वारा लगाए गए वोट चोरी के आरोप को सिरे से खारिज कर विकास की बात पर केंद्रित राजग के प्रचार अभियान को सफल बनाया है. इस चुनाव में जहां एक तरफ महिला मतदाताओं की भूमिका को लेकर जबरदस्त चर्चा है वहीं दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के अंदर अंत समय तक मौजूद रही आंतरिक रस्साकसी भी सुर्खियों में रही.

जानकार बता रहे हैं कि नीतीश सरकार ने जिस तरह से चुनाव के एन वक्त पहले मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं के खातों में दस हजार रूपए की राशि डालकर उन्हें प्रोत्साहित किया उसका प्रभाव भी चुनाव पर सीधे पड़ा है. महिला मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लेकर न सिर्फ मत प्रतिशत को बढ़ाया बल्कि कथित तौर पर राजग की राह भी आसान कर दी. राजनीतिक जानकार मान रहे हैं कि दोनों प्रमुख गठबंधनों की रणनीति में आरंभिक दिनों से ही स्पष्ट अंतर दिखाई दे रहा था. एक तरफ अपनी डफली अपना राग अलापा जा रहा था तो दूसरी ओर सुनियोजित योजना के साथ मतदाताओं को आकर्षित करने का प्रयास किया गया. एक तरफ मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री के नाम को घोषित कराने के लिए अंतिम समय तक खींचतान जारी रही तो दूसरी ओर मोदी-नीतीश की जोड़ी की बात कहकर भाजपा ने सहयोगियों के साथ मतदाताओं के सामने भी स्थिति स्पष्ट रखी. इतना ही नहीं कुछ सीटों पर फ्रेंडली फाइट का प्रयोग भी इंडिया समूह पर भारी पड़ा और मतदाता अंतर्द्वंद्व में फंसे रहे. जबकि राजग समूह ने हरेक नाराजगी को चुनाव के आरंभिक दौर में ही सुलझा कर विकास, सुशासन व विपक्ष के कथित जंगलराज को प्रचार का हिस्सा बनाया.

(शेष पेज 2 पर)

## बांग्लादेश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार दिल्ली आएंगे

**नई दिल्ली. बांग्लादेश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार खलीलुर रहमान अगले बुधवार को दो दिवसीय सम्मेलन के लिए भारत आएंगे. रहमान कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने आ रहे हैं, जो हिंद महासागर के पांच तटीय देशों का सम्मेलन है.**



भारत में ढाका के उच्चायुक्त मुहम्मद रियाज़ हमीदुल्लाह ने रहमान की भारत यात्रा की पुष्टि की. उच्चायुक्त ने कहा, बांग्लादेश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार 19 नवंबर को दिल्ली आएंगे. यह ज्ञात नहीं है कि भारतीय अधिकारी खलीलुर के साथ सुरक्षा मुद्दों पर कोई अनौपचारिक बातचीत करेंगे या नहीं. ढाका में मोहम्मद यूनुस सरकार के शीर्ष नेताओं द्वारा बार-बार भारत विरोधी बयानों के बाद से भारत-बांग्लादेश संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं. ढाका शेख हसीना को शरण देने के लिए भारत से भी नाखुश है, जिन्हें पिछले साल हिंसक विरोध प्रदर्शनों के बाद अपदस्थ कर दिया गया था और वह कथित सत्ता के दुरुपयोग के मुकदमे का सामना करने के लिए उनकी वापसी की मांग कर रहा है. यूनुस ने गुरुवार को घोषणा की कि बांग्लादेश अपने जुलाई चार्टर और अन्य सुधारों को लागू करने के लिए राष्ट्रीय चुनावों के साथ-साथ फरवरी 2026 के पहले पखवाड़े में एक ही दिन राष्ट्रीय जनमत संग्रह कराएगा. इस विवादास्पद चार्टर का कई राजनीतिक दलों ने समर्थन किया है, जबकि कुछ ने इसके खिलाफ फैसला सुनाया है. चार्टर का समर्थन करने वाले इसे संस्थागत सुधार की दिशा में एक कदम मानते हैं, जबकि आलोचकों का कहना है कि इसमें वैधता का अभाव है क्योंकि यह संसदीय अनुमोदन के बिना राष्ट्रीय राजनीति को परिभाषित करने का प्रयास करता है.